# भारतीय जनता युवा मोर्चा

## (केन्द्रीय कार्यालय)

**11 अशोक रोड़, नई दिल्ली–110001**

दिनांक : 12 मई, 2013

## प्रेस विज्ञप्ति

## भाजयुमो ने प्रधानमंत्री के खिलाफ किया उग्र प्रदर्शन

**भ्रष्टाचारी कांग्रेस रूपी रावण की नाभि में बैठा है, मनमोहन सिंह जैसा दोषी प्रधानमंत्री**

**प्रधानमंत्री को लूट के लिए 10 जनपथ ने दिया, 10 साल को ठेका – अनुराग सिंह ठाकुर**

**कार्यकर्ताओं ने तोड़े बेरिकेट्स और पुलिस ने किया वाटर केनन का इस्तेमाल**

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नौजवानों ने आज प्रातःकाल औरंगजेब रोड पर एकत्रित होकर कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, मनमोहन सरकार मुर्दाबाद के नारे, **प्रधानमंत्री शर्म करो, देश पर रहम करो** जैसे नारे लिखे हुए होर्डिंग, बैनर्स व पट्टिकाएं हाथ में लिए हुए जहां एक ओर **मनमोहन सिंह की शव यात्रा** निकाली वहीं दूसरी ओर यूपीए सरकार के **भ्रष्ट मंत्रियों को जेल में बंद दिखाया**, साथ ही **पवन बंसल एवं अश्वनी कुमार को बकरे के रूप में** उनके ऊपर यह लिखा हुआ दिखाया कि **मुझे बलि का बकरा न बनाओ बल्कि सही दोषी को सामने लाओ।**

श्री ठाकुर ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज बार–बार युवा मोर्चा को सडकों पर उतरने के लिए क्यों बाध्य होना पड़ रहा है। सरकार के एक–एक करके लगभग सभी मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जा रहे हैं और सोनिया गांधी धृतराष्ट्र की तरह आंखों पर पट्टी बांधे हुए यह सब होता हुआ देख रही हैं। इन **मंत्रियों के एक–एक करके सिर को कलम करने से कुछ नहीं होता क्योंकि इस भ्रष्टाचार रूपी रावण की नाभि में मनमोहन सिंह जैसा दोषी प्रधानमंत्री बैठा हुआ है। जब तक उस नाभि पर प्रहार नहीं किया जायेगा तब तक भ्रष्टाचार का विनाश नहीं हो सकता है।** प्रधानमंत्री के पास स्वयं की कोई

नैतिकता शेष नहीं रह गई है। अतः युवा मोर्चा संघर्ष करेगा एवं देश भर में नौजवानों को जागरूक करेगा।

श्री अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि लगता है कि **प्रधानमंत्री को लूट के लिए 10 जनपथ ने 10 साल को ठेका** दे दिया है क्योकि कानून मंत्री व रेल मंत्री दोनों प्रधानमंत्री के लिए काम करते थे और उन्हें सारे भ्रष्टाचारों की जानकारी थी। फिर भी वह धृतराष्ट्र की तरह यह भ्रष्टाचार होता देखते रहे। आज जिस तरह से भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार पर टिप्पणी की जा रही है इससे तो अच्छा है कि यह स्वयं शर्म से सत्ता से हट जाते, लेकिन बेशर्म हो चुकी यूपीए सरकार अपने अंतिम वक्त तक कुर्सी से चिपकी रहना चाहती है किन्तु युवा मोर्चा में आप जैसे संघर्षशील युवाओं के रहते यह हम किसी कीमत पर देश का चीर हरण होने नहीं देंगे चाहे इसके लिए हमें जो भी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। आज के प्रदर्शनकारियों के सामने पुलिस की एक न चली और उनके द्वारा लगाए गए बेरिकेट्स को जहां युवा मोर्चा के प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दिया वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, प्रधानमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने वाटर केनन छोड़कर प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने की कोशिश की और उसके बाद पुलिस श्री अनुराग ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लेकर संसद मार्ग थाना ले गई।

**(दिनेश प्रताप सिंह)**
**राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भाजयुमो**
**मोबाईल नं0 – 09312011454**